Title: Urged the Government to announce a special package for Gujarat and to undertake a special project for revival of the small enterprises in the State which have been closed due to the earthquake.

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका) : सभापति महोदय, मैं सदन का ध्यान गुजरात की स्थिति की ओर आकर्ाित करना चाहता हूं। गुजरात में भूकम्प आने के बाद वहां की छोटी-मोटी इंडस्ट्रीज बंद हो गईं। इससे वहां के नौजवानों को काम नहीं मिल रहा है और वे उधर-उधर भटक रहे हैं। मेरी प्रार्थना है कि गुजरात में जो छोटी-मोटी इंस्ट्रीज बंद हो गई हैं, उसके लिए एक विशो योजना घोाित की जाए ताकि बेरोजगार नवयुवक रोजगार प्राप्त कर सकें। इसके अलावा भारत सरकार की ओर से एक विशो पैकेज बनाया जाए।